भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1518
29 जुलाई, 2025 को उत्तर के लिए

आरआईएनएल का सेल में विलय

1518. श्री आदित्य यादवः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) का विलय एक अन्य सरकारी स्वामित्व वाली इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के साथ करने पर विचार कर रही है ताकि आरआईएनएल के संयंत्र का अस्तित्व सुनिश्चित किया जा सके और वित्तीय एवं परिचालन संबंधी मुद्दों का समाधान किया जा सके;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए जाने वाले प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (ग): राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) का स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के साथ विलय करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। भारत सरकार ने आरआईएनएल को एक कार्यशील व्यवसाय बनाए रखने के लिए आरआईएनएल में 11,440.00 करोड़ रुपये के निवेश की मंजूरी दी है।

*****